आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 20.02.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य विधानसभा में आज वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल बजट पेश कर रहे हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– यह बजट राज्य के समग्र उत्थान में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा और विकास को नई गति देगा।
- राज्य विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदाओं का सामना करने के लिए जन जागरूकता को बताया जरूरी।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले हिस्सों में बारिश से तापमान में गिरावट।

बजट पेश

राज्य विधानसभा में आज प्रदेश के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल बजट पेश कर रहे हैं। इस बार बजट का आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। बजट में सरकार का मुख्य ध्यान महिलाओं, युवाओं, गरीबों, किसानों और अवस्थापना विकास पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड के विकास को आधार बनाते हुए बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के समग्र उत्थान में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा और विकास को नई गति देगा।

विधानसभा सत्र–चर्चा

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने डॉक्टरों की कमी पर सवाल उठाया, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश में अड़तालीस से पचास प्रतिशत विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है और अगले तीन वर्षों में सभी पद भर दिये जाएंगे। भाजपा विधायकों ने भी डॉक्टरों की कमी का मुद्दा उठाया।
कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाती ने सहकारी बैंकों में ऋण अनियमितताओं पर सवाल उठाए। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि गलत ऋण बांटने वालों पर सरकार कार्रवाई कर रही है और इसकी एस०आई०टी जांच के निर्देश भी दिये गये हैं। वहीं, निजी स्कूलों की फीस नीति बनाने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार की अभी फीस नीति लाने की कोई योजना नहीं है।

विधायक खुशहाल सिंह अधिकारी ने सामुदायिक केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने सुधार का आश्वासन दिया। विधायक महेश जीना ने उत्तराखंड में ड्रॉइंग–पेंटिंग में बीएड की अनिवार्यता और शिक्षकों की तैनाती पर सवाल किया। डॉक्टर रावत ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर बीएड अनिवार्य किया गया और स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती मानकों के अनुसार हो रही है।

सतपाल महाराज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगामी 27 फरवरी को मुखबा–हर्षिल का दौरा प्रस्तावित है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री के मुखबा–हर्षिल में आने से शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार शीतकालीन यात्रा काफी अच्छी रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने चारधाम के शीतकालीन गद्दी स्थलों पर आकर दर्शन–पूजन किए। पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न पर्यटक स्थलों में पर्यटन सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से भी उत्तराखंड आने की अपील की है।

यूएसडीएमए

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आपदाओं का सामना करने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता, सजगता और सतर्कता से आपदा से नुकसान को काफी कम किया जा सकता है। यदि लोग आपदाओं के प्रकार, उनके प्रभाव और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक होंगे, तो वे अपनी और दूसरों की जान बचाने के लिए सही कदम उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री आज उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नव वर्ष 2025 के कैलेंडर का विमोचन कर रहे थे। उन्होंने चम्पावत, रुद्रप्रयाग, चमोली और ऊधमसिंहनगर जिले के लिए सीएसआर मद में प्राप्त चार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। इन वाहनों में मिनी जनरेटर, स्लीपिंग बैग, टैंट, आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लीफलेट और नव वर्ष कैलेण्डर भेजे गए। ये वाहन और अन्य उपकरण जनपदों में आपदा के दौरान राहत और बचाव कार्यों के लिए उपयोगी साबित होंगे।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में आज सुबह से ही बर्फबारी और निचले हिस्सों में बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। चमोली जिले के बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब और औली सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी है। उत्तरकाशी जिले के हर्षिल, मुखबा और गंगोत्री के साथ ही मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली में बर्फबारी हो रही है। टिहरी जिले के गंगी, गेंवाली, पिनवाड़, नाग टिब्बा, धनोल्टी, चिरबटिया आदि ऊंची चोटियों पर बर्फबारी से जिले में ठंड में इजाफा हुआ है।

इस बीच, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना जताई है। साथ ही 2800 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने टिहरी, देहरादून, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में कहीं—कहीं ओलावृष्टि और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

## आदि कैलाश यात्रा

पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय के साथ ही धारचूला में भी इनर लाइन परमिट बनाए जाएंगे। आदि कैलाश यात्रा के संबंध में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बर्फबारी कम हुई है, ऐसे में मौसम को देखते हुए अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह से आदि कैलाश यात्रा शुरू की जा सकती हैं। जिलाधिकारी ने यात्रियों से इनर लाइन परमिट के लिए अपने गृह निवास से पुलिस वैरिफिकेशन कराकर लाने की अपील की, ताकि उन्हें यहां आकर कोई परेशानी न हो। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से यात्रा से जुड़े सभी बिंदुओं की जानकारी ली और यात्रा से जुड़ी सभी तैयारियों के लिए अभी से जुट जाने के निर्देश दिए।

## नशीली गोलियां

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो— एनसीबी की छापेमारी में हरिद्वार की एक फार्मा कंपनी में नशीली गोलियों के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। यह मामला पंजाब के ड्रग नेटवर्क से जुड़ा है, जहां पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के बाद एनसीबी ने हरिद्वार स्थित एक फार्मा कंपनी पर कार्रवाई की। एनसीबी ने पहले पंजाब में 60 हजार नशीली गोलियों के साथ सात तस्करों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि हरिद्वार की एक फार्मा में अवैध रूप से नशीली गोलियां तैयार की जा रही थीं। इसके बाद एनसीबी ने छापा मारकर करीब ढाई लाख नशीली गोलियां जब्त कीं और कंपनी के दो कर्मचारियों को हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार, कंपनी का मालिक फरार है, और चंडीगढ़ से आई नारकोटिक्स टीम उसकी तलाश में जुटी है। इस बीच, उत्तराखंड ड्रग्स विभाग ने कंपनी के लाइसेंस को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हरिद्वार की ड्रग्स इंस्पेक्टर अनिता भारती के अुनसार, कंपनी में जून 2024 से उत्पादन बंद था, लेकिन अवैध रूप से दवाओं का निर्माण जारी था।